कोटद्वार, रविवार
27 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 88 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### 10 लोगों को विदेश भेजने के नाम पर पांच लाख की ठगी

काशीपुर। यूपी के ठाकुरद्वारा निवासी एक व्यक्ति ने सऊदी अरब भेजकर रोजगार दिलाने के नाम पर काशीपुर 10 युवकों को 50–50 हजार रुपये ठग लिया। सभी का पासपोर्ट भी हड़प लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। जसपुर खुर्द पाकीजा कॉलोनी निवासी अयूब अली पुत्र मोहम्मद हनीफ ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उनकी जान–पहचान ग्राम गोपीवाला थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी शमशाद पुत्र जमील अहमद से थी। दो माह पूर्व शमशाद ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे व मोहम्मद आकिब, मोहम्मद इस्लाम, यामीन, अजीम, मोहम्मद वसीम निवासी जसपुर खुर्द, फहीम अहमद, जाहिद हुसैन, समीर निवासी रजपुरा रानी चापट, सरफराज निवासी गुलड़िया से 50–50 हजार रुपये नकद तथा पासपोर्ट ले लिए। शिकायतकर्ता अयूब अली ने बताया कि 9 मार्च को सभी पीड़ितों ने आरोपी शमशाद को रकम और पासपोर्ट दिए। उसने मेडिकल परीक्षण के लिए 11 मार्च को दिल्ली बुलाया। जहां शमशाद ने आश्वासन दिया था कि इसी माह के अंत तक सब की टिकट हो जाएगी, लेकिन उसके बाद वह फरार हो गया। 19 अप्रैल को जब पीड़ित लोग शमशाद के घर गए, तो वह वहां नहीं मिला। बाद में वह व्हाट्सएप पर गालियां और जान से मारने की धमकियां देने लगा। कोर्ट ने पुलिस को मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आदेश दिए। आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी शमशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मारपीट कर युवक को फ्लाईओवर से फेंका

हरिद्वार। शहर के मोतीचूर हिल बाईपास फ्लाईओवर पर ज्वालापुर निवासी एक युवक को उसके ही परिचितों ने मारपीट कर फ्लाईओवर से नीचे फेंक दिया। गंभीर चोट लगने के कारण युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी पिल्ला गैंग से जुड़े हुए हैं और दोनों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसका मुकदमा दो महीने पहले कनखल थाने में भी दर्ज हुआ था।

### बागेश्वर में 24, कपकोट–गरुड़ में 14–14 टेबल पर होगी मतगणना

बागेश्वर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को विकास भवन सभागार में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में रिजर्व सहित कुल 118 मतगणना पर्यवेक्षक एवं 472 मतगणना सहायक सम्मिलित हुए। मतगणना हेतु बागेश्वर में 24 टेबल, जबकि कपकोट और गरुड़ में 14–14 टेबलें लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक और चार मतगणना सहायक तैनात रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने कर्मचारियों से कहा कि वह प्रशिक्षण को गंभीरता से लें।


उन्होंने कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम एवं सबसे महत्वपूर्ण चरण है, अतः इसमें सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। मतगणना कार्य को संयम, सतर्कता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करें, तांकि जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। मास्टर ट्रेनर राजीव जोशी ने मतगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

### रवांई का प्रसिद्ध लाल धान अज्ञात बीमारी की चपेट में, किसान चिंतित

उत्तरकाशी। रवांई घाटी के रामा सिराईं एवं कमल सिरांई समेत मोरी के गड़ूगाड़ क्षेत्र की प्रसिद्ध लाल धान की फसल अज्ञात बीमारी की चपेट में है। धान की फसल खेतों में पीली पड़कर सूखने लगी है, जिसे देखकर काश्तकार बेहद चिंतित हैं। क्षेत्र के किसान सुदामा बिजल्वाण, राजपाल पंवार, नवीन गैरोला, धनवीर सिंह रावत, श्यालिक राम नौटियाल, रमेश असवाल आदि ने बताया कि क्षेत्र में एक माह पहले दिन रात मेहनत से धान रोपाई की। अब अज्ञात रोग से किसानों की मेहनत बर्बादी की कगार पर है।

# ऑपरेशन सिंदूरः 'दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करने में स्वदेशी हथियारों ने बड़ी भूमिका निभाई- पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत तैयार किए गए हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करने और दुश्मनों की नींद उड़ाने में अहम भूमिका निभाई। तमिलनाडु में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने विकसित भारत और विकसित तमिलनाडु का वादा किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा और ऊर्जा किसी भी राज्य के विकास की रीढ़ है। पिछले 11 वर्षों में इन पर हमारा ध्यान तमिलनाडु के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्रिटेन के साथ एफटीए पर पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिटेन के साथ एफटीए हमारे विकसित भारत, विकसित तमिलनाडु के दृष्टिकोण को गति देता है। रेलवे के बारे में उन्होंने कहा कि यह औद्योगिक विकास की जीवन रेखा है।



**'कारगिल के वीरों को नमन'**

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि आज कारगिल विजय दिवस है, मैं सर्वप्रथम कारगिल के वीरों को नमन करता हूं, शहीदों को श्रद्धांजलि देता हूं। मेरा सौभाग्य है कि चार दिन के विदेश प्रवास के बाद मुझे सीधे भगवान रामेश्वर की इस पावन भूमि पर आने का अवसर मिला। पीएम मोदी ने कहा कि आज थूथुकुडी हवाई अड्डे पर नए उन्नत टर्मिनल का उद्घाटन इस दिशा में एक और बड़ा कदम है। 450 करोड़ की लागत से निर्मित यह टर्मिनल अब सालाना 20 लाख से ज्यादा यात्रियों की सुविधा प्रदान कर सकेगा, जबकि पहले इसकी वार्षिक क्षमता केवल तीन लाख यात्रियों की थी। आज हमने तमिलनाडु में दो प्रमुख सड़क परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित की है। लगभग 2,500 करोड़ की लागत से निर्मित ये सड़कें दो प्रमुख विकास क्षेत्रों को चेन्नई से जोड़ेंगी। इन सड़कों के कारण डेल्टा जिलों और चेन्नई के बीच संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा।

'समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान'

उन्होंने आगे कहा कि तमिलनाडु और तूतीकोरिन की धरती और यहां के लोगों ने सदियों से एक समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दिया है। इस धरती ने ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को जन्म दिया, जिन्होंने एक स्वतंत्र और शक्तिशाली भारत की कल्पना की। इसी धरती ने वीओ चिदंबरम पिल्लई जैसे दूरदर्शी लोगों को जन्म दिया। औपनिवेशिक शासन के दौर में भी उन्होंने समुद्र के रास्ते व्यापार की ताकत को समझा। उन्होंने भारतीय जलक्षेत्र में स्वदेशी जहाज उतारकर अंग्रेजों को चुनौती दी। पिछले साल मैंने बिल गेट्स को थूथुकुडी के प्रसिद्ध मोती उपहार में दिए थे। उन्हें वे मोती बहुत पसंद आए। इस क्षेत्र के मोती कभी दुनिया भर में भारत की आर्थिक शक्ति का प्रतीक माने जाते थे।

**भारत और इंग्लैंड के बीच ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का जिक्र**

पीएम मोदी ने आगे कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि चार दिवसीय विदेश यात्रा के बाद मुझे भगवान श्री राम की इस पावन धरती पर आने का अवसर मिला। मेरी इस यात्रा के दौरान भारत और इंग्लैंड के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हुआ। इस मुक्त व्यापार समझौते के बाद ब्रिटेन में बिकने वाले 99 प्रतिशत भारतीय उत्पाद कर–मुक्त हो जाएंगे। जब ब्रिटेन में भारतीय सामान सस्ता होगा तो वहां उनकी मांग बढ़ेगी और भारत में उन सामानों के निर्माण के और अवसर पैदा होंगे। भारत–ब्रिटेन एफटीए से तमिलनाडु के युवाओं, हमारे लघु उद्योगों, एमएसएमई और स्टार्ट–अप को सबसे अधिक लाभ होगा। आज दुनिया भारत की प्रगति में अपनी प्रगति देख रही है।

### यमुनोत्री हाईवे पर कार दुर्घटना में एसडीओ समेत दो घायल

उत्तरकाशी। यमुनोत्री मार्ग पर सरुखेत प्रियंका लॉज के पास तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर बिजली के पोल से टकरा गई, जिसमें कार चालक वन विभाग के एसडीओ सहित उनकी पत्नी घायल हो गए। घायलों को समाजसेवी संजय थपलियाल ने सीएचसी अस्पताल लाकर भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने देहरादून रेफर कर दिया। शनिवार को दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे कृष्णा गांव की ओर से बड़कोट की तरफ जा रही आई ट्वेन्टी कार बेकाबू होकर बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतना जबरदस्त थी कि कार के साथ बिजली का पोल भी टेढ़ा हो गया। हादसे में अपर यमुना वन प्रभाग के एसडीओ साधुलाल पुत्र पतिदास निवासी पालुका गांव और उनकी पत्नी किरन घायल हो गए। दुर्घटना स्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। समाजसेवी संजय थपलियाल की मदद से घायलों को बड़कोट स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जिसके बाद चिकित्साधिकारी अंगद राणा ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रभागीय वनाधिकारी रविन्द्र पुंडीर व रेंज अधिकारी सहित वनकर्मी मौके पर पहुंचे।

# सावन की धूप में जेठ सी तपिश ने छुड़ाए पसीने

### आज भारी बारिश का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में करीब एक सप्ताह के बाद दिनभर धूप खिली रही। आसमान साफ होने से सावन में जेठ जैसी धूप महसूस की गई, जिसने दिनभर पसीने छुड़ाए। हालांकि, शाम को कहीं–कहीं बादल मंडराने लगे और बारिश के आसार बने रहे।मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मौसम का मिजाज फिर बदल सकता है। खासकर कुमाऊं में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा के दौर हो सकते हैं। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून समेत अन्य क्षेत्रों में भी तीव्र बौछारें पड़ सकती हैं।

**तेज धूप ने ली परीक्षा**

शनिवार को कई दिनों के बाद दून में आसमान साफ रहा और सुबह से ही चटख धूप खिली रही। दोपहर में भी तेज धूप ने परीक्षा ली। इसके साथ ही अधिकतम तापमान भी सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। उमस और तपिश ने दिनभर बेहाल किया। शाम को दून में कहीं–कहीं बादल मंडराने लगे,




लेकिन वर्षा नहीं हुई। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में भी दिनभर धूप खिली रही। प्रदेशभर में केवल नई टिहरी क्षेत्र में हल्की बौछारें पड़ीं। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान भी सामान्य से अधिक बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, रविवार को प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश के दौर हो सकते हैं। नैनीताल, चंपावत व बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, देहरादून, टिहरी, पौड़ी व पिथौरागढ़ में भी कहीं–कहीं भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट है।

शेष जनपदों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व वर्षा के तीव्र दौर होने की आशंका है।

# प्रदेश में बाघ आकलन की तैयारियां हुईं तेज

### पहले चरण में अक्तूबर में होगा साइंस सर्वे शुरू

देहरादून : बाघों के आकलन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून (डब्ल्यूआईआई) में राजाजी और कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक समेत उत्तरी क्षेत्र के अन्य टाइगर रिजर्व के निदेशकों की क्षेत्रीय बैठक भी हो चुकी है। अब पहले चरण में आगामी अक्तूबर में साइंस सर्वे शुरू करने की तैयारी है।



राज्य में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हुई थी। स्टेटस ऑफ टाइगर्स को–प्रीडेटर्स एंड प्रे इन इंडिया – 2022 रिपोर्ट जारी हुई थी, इसमें बाघों की संख्या 560 का जिक्र था। अब आगामी रिपोर्ट को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह काम डब्ल्यूआईआई के माध्यम से होना है, इसको लेकर हाल में संस्थान बैठक भी हुई थी। इसमें शामिल हुए कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला कहते हैं कि कार्यशाला में वन विभाग से कैमरा ट्रैप आदि के बारे में जानकारी मांगी गई थी। इस दौरान ट्रेनिंग को लेकर भी जानकारी साझा की गई।

बडोला कहते हैं कि तीन चरणों में बाघ आकलन का काम होता है, इसमें पहले चरण में साइंस सर्वे होता है। जो अक्तूबर से शुरू होगा। साइंस सर्वे को इकोलॉजी मानीटरिंग भी कहा जाता है, इसमें वन्यजीवों की उपस्थिति के संबंध में जो जानकारी होती है उसको वन कर्मी नोट करते हैं। फिर इस जानकारी को डब्ल्यूआईआई को दिया जाता है, वह उसका अध्ययन करते हैं जो कि दूसरा चरण होता है।

### वेतन रोकने पर शिक्षकों में उबाल

हल्द्वानी। नैनीताल जिले के 351 स्कूलों के एक हजार से अधिक शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के जुलाई माह के वेतन पर मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) की रोक से शिक्षक संगठन बेहद आक्रोशित है। राजकीय शिक्षक संघ ने इसे शिक्षकों का उत्पीड़न करार देते हुए सीईओ को ज्ञापन भेजकर आदेश वापस लेने की मांग की है। संगठन का कहना है कि पंचायत चुनाव के चलते कई शिक्षक ड्यूटी पर हैं, जिससे ऑनलाइन उपस्थिति अपडेट करने में दिक्कतें आईं। शिक्षक नेताओं ने कहा कि अफसरों को कोई भी आदेश करने से पहले शिक्षकों की समस्याओं को समझना चाहिए। देहरादून से मिले निर्देश के बहाने शिक्षकों का उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। बता दें, जिले के एक हजार से अधिक शिक्षक–शिक्षिकाओं और प्रधानाचार्यों की ओर से विद्या समीक्षा केंद्र के तहत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर मुख्य शिक्षाधिकारी ने गुरुवार को सभी के जुलाई माह के वेतन पर रोक लगा दी थी।

# चमोली के कालेश्वर में ई.सी.एच.एस, सैनिक विश्राम गृह और नैनीताल में बनेगा सैनिक विश्राम गृह : धामी

### मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को गांधी पार्क, देहरादून में कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कारगिल शहीदों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान चमोली जिले के कालेश्वर में ई.सी.एच.एस एवं सैनिक विश्राम गृह का निर्माण किए जाने एवं नैनीताल में सैनिक विश्राम गृह बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उपनल के माध्यम से पूर्व सैनिकों को रोजगार के लिए विदेश भेजा जाएगा। जिसमें 50 प्रतिशत सिविलियन भी होंगे। उपनल के माध्यम से राज्य के 22500 लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। जिनकी विनियमितीकरण की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को देश हमेशा याद रखेगा। कहा कि कारगिल की घाटियों, पहाड़ों और हवाओं में भारत के जवानों का दुश्मन के खिलाफ किया गया युद्ध, आज भी उसी वेग से गूंज रहा है। कारगिल युद्ध के दौरान भारत के शूरवीरों ने अदम्य साहस, उत्कृष्ट रणनीति, अद्वितीय पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में वीर भूमि उत्तराखंड के 75 जवान शहीद हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा शहीदों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित किया जा रहा है और इसके लिए आवेदन करने की अवधि को भी 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दिया है। राज्य में वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों के लिए परिवहन निगम की बसों में यात्रा की निःशुल्क व्यवस्था करने के साथ सेवारत व पूर्व सैनिकों हेतु 25 लाख रुपए तक की सम्पत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, विधायक श्रीमती सविता कपूर, दायित्वधारी श्रीमती विनोद उनियाल, सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, मेजर जनरल सम्मी सबरवाल (से.नि), निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल(से.नि), एमडी उपनल ब्रिगेडियर जे.एस.बिष्ट, (से.नि), ब्रिगेडियर के.जी बहल, (से.नि), जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह अन्य सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक एवं शहीदों के परिवारजन उपस्थित थे।

# सीमा पर डटे रहो, परिवार का ख्याल हम रखेंगे, सैनिकों के लिए ऐतिहासिक कानूनी योजना शुरू

श्रीनगर । देश की सेवा में सीमाओं पर तैनात सैनिकों के परिवारों को अब कानूनी लड़ाइयों में अकेले नहीं लड़ना पड़ेगा। भारत में पहली बार, सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के परिवारों को स्वतः कानूनी सहायता देने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। इसका नाम 'एनएएलएसए वीर परिवार सहायता योजना 2025' है और आज इसकी औपचारिक शुरुआत श्रीनगर में हो गई। इस पहल का मूल संदेश हैः "आप सीमाओं पर देश की सेवा करें, हम आपके परिवार का ख्याल रखेंगे।"इस ऐतिहासिक योजना का उद्घाटन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए ) के कार्यकारी अध्यक्ष और भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और



मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहे।

**न्यायपालिका का भावनात्मक जुड़ावः ऑपरेशन सिंदूर की प्रेरणा**

यह योजना एक मानवीय सोच से उत्पन्न हुई है। सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सैनिकों की कठिनाइयों और बलिदानों को करीब से देखा, तब उन्होंने यह महसूस किया कि कानूनी जगत को भी सैनिकों के परिवारों की मदद में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। एक चैनली की रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, "जब एक जवान देश की सीमा पर डटा रहता है, तो उसे यह भरोसा होना चाहिए कि उसके घर–परिवार के अधिकारों की रक्षा देश की न्यायपालिका करेगी।"इस योजना के तहत, सैनिकों के परिवारों को संपत्ति विवाद, पारिवारिक मामलों, वित्तीय लेन–देन, और अन्य कानूनी मुद्दों में मुफ्त कानूनी सलाह और सहायता प्रदान की जाएगी। नालसा ने देशभर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (डीएलएसए) के माध्यम से विशेष शिविर और हेल्पलाइन स्थापित करने की योजना बनाई है, ताकि सैनिकों के परिजनों तक त्वरित और प्रभावी सहायता पहुंच सके।

### बेटे की मौत का बदला लेने लिए की कंवरपाल की हत्या

रुड़की। दो दिन पहले सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव टोडा कल्याणपुर में हुई जवान के पिता की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार, हत्यारोपी को शक था कि चार साल पहले हुई उसके 20 वर्षीय बेटे की मौत मृतक कंवरपाल की वजह से हुई है। बेटे की मौत का बदला लेने के लिए ही आरोपी ओमवीर उर्फ ओमी ने चाकू से वार कर गुरुवार देर रात कंवरपाल को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, रुड़की सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव टोड़ा कल्याणपुर में एक बीएसएफ जवान के पिता की किसी ने नुकीले हथियार से वार कर हत्या कर दी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। छानबीन करने के बाद शनिवार को पुलिस ने हत्या के मामले में गांव टोड़ा कल्याणपुर के ही ओमवीर उर्फ ओमी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की तो ओमी ने कंवरपाल की हत्या करने की बात कबूल ली। पूछताछ में ओमी ने बताया कि कुछ समय पहले उसके बेटे की मौत हो गई थी।

# तो राहुल गांधी दूसरा आंबेडकर साबित होंगे

### ओबीसी से अपील करते हुए उदित राज ने क्या कहा

नई दिल्ली। कांग्रेस लीडर उदित राज ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तुलना संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर से की है। उन्होंने कहा कि भागीदारी न्याय सम्मेलन में राहुल की कही गई बातों को अगर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सुन ले तो वे उनके लिए 'दूसरा आंबेडकर' साबित होंगे। उन्होंने कहा कि ओबीसी को विपक्ष के नेता के बयानों का समर्थन करना चाहिए। उदित राज ने बताया, 'तेलंगाना में जातिगत जनगणना समाज का एक्स–रे है। राहुल गांधी इसे पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। उनके विचार दूरदर्शी हैं। अगर दलित और पिछड़ा वर्ग आगे आए तो हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। समाज में मौजूद असमानता कम होगी। अगर ओबीसी समझ लें कि राहुल गांधी ने क्या कहा तो वे उनके लिए दूसरा आंबेडकर



साबित होंगे।'उदित राज ने एक्स पर लिखा, 'ओबीसी को सोचना पड़ेगा इतिहास बार–बार प्रगति के लिए मौका नहीं देता। ताल कटोरा स्टेडियम के सम्मेलन में जो बात राहुल गांधी ने कही उस पर चल पड़ें और साथ दें। अगर ऐसा करते हैं तो इनके लिए राहुल गांधी दूसरा अंबेडकर साबित होंगे।' राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान जाति जनगणना नहीं करवा पाना उनकी गलती है, लेकिन अब उन्होंने इस गलती को सुधारने के लिए कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा राजनीतिक भूकंप है जिसने देश की राजनीति की जमीन को हिलाकर रख दिया है।

**राहुल गांधी का क्या है बयान**

कांग्रेस के ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ह्यमैं 2004 से राजनीति कर रहा हूं। जब मैं अपना मूल्यांकन करता हूं तो पाता हूं कि कहीं अच्छा काम किया तो कहीं कमी भी रह गई।

# कौन लेगा धनखड़ की जगह? एनडीए की बैठक का इंतजार

नई दिल्ली। जगदीप धनखड़ के हालिया इस्तीफे के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उपराष्ट्रपति पद के लिए अपने उम्मीदवार को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुट गया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे से लौटने के बाद लिया जाएगा। एनडीए की एक अहम बैठक जल्द ही होने की संभावना है, जिसमें उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चयन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अपने ही किसी अनुभवी नेता को इस पद के लिए नामित करने की योजना बना रही है, जिसे गठबंधन के सहयोगी दलों का समर्थन प्राप्त होगा। यहां खास बात ये है कि अगला उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उन पांच राज्यों में से हो सकता है जहां अगले साल तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका यह कदम चौंकाने वाला था, क्योंकि वह अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान कई बार विपक्षी दलों के साथ टकराव के कारण चर्चा में रहे। धनखड़ भारत के उन चुनिंदा उपराष्ट्रपतियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान इस्तीफा दिया। इससे पहले केवल वी.वी. गिरी और आर. वेंकटरमण ही ऐसा कर चुके हैं।

उपराष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों से मिलकर बने निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है।



वर्तमान में इस निर्वाचक मंडल में कुल 782 सांसद हैं, जिनमें से एनडीए के पास लगभग 425 सांसदों का समर्थन है। यह स्पष्ट बहुमत एनडीए के उम्मीदवार को इस पद के लिए प्रबल दावेदार बनाता है। सूत्रों का कहना है कि बीजेपी अपने संगठनात्मक और वैचारिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए एक ऐसे नेता को चुनना चाहती है, जिसके पास व्यापक राजनीतिक और विधायी अनुभव हो।

इन पांच राज्यों पर विशेष ध्यान

उपराष्ट्रपति को लेकर एनडीए की रणनीति में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखा जा रहा है। बिहार में इसी साल अक्टूबर–नवंबर में और अगले साल असम के अलावा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए उम्मीदवार के चयन में चुनावी पहलुओं की भी भूमिका होने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति उच्च सदन का पदेन सभापति होता है, जो संसद की कार्यवाही को आकार देने और इस प्रकार सरकार के एजेंडे को दिशा देने में एक महत्वपूर्ण पद है।

**संभावित उम्मीदवारों में कौन?**

हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक नाम सामने नहीं आया है, लेकिन चर्चा है कि राज्यसभा के उपसभापति व एनडीए सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद हरिवंश एक नाम हो सकते हैं। वे 2020 से इस पद पर कार्यरत हैं और एक मजबूत दावेदार हो सकते हैं। उन्हें सरकार का विश्वास प्राप्त है और उनकी गैर–विवादास्पद छवि उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है। लेकिन दूसरी तरफ इस तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं कि भाजपा इस बार अपने ही किसी अनुभवी नेता को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाएगी।

**पीएम मोदी की वापसी का इंतजार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन के बाद वर्तमान में मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की और आठ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। उनकी वापसी के बाद एनडीए की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा तेज होने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि उम्मीदवार की घोषणा अगले सप्ताह तक हो सकती है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति भी कर दी गई है। बीजेपी इस बार अपने ही किसी अनुभवी नेता को इस पद के लिए चुनना चाहती है, ताकि संगठन की विचारधारा और मूल्यों को मजबूती मिले। पार्टी सूत्रों का कहना है कि बीजेपी नए प्रयोगों से बचना चाहती है और अपने अनुभवी नेताओं के पूल में से ही उम्मीदवार का चयन करेगी।

## मानसून के दौरान रूसी से परेशान हैं? इन 5 घरेलू उपायों को अजमाएं



मानसून का मौसम अपने साथ कई समस्याएं लाता है, जिनमें से एक है रूसी। मानसून में अधिक नमी के कारण सिर की त्वचा में खुजली और रूसी बढ़ सकती है। हालांकि, बाजार में कई शैंपू और दवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें रसायन होते हैं, जो सिर की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू उपाय बताते हैं, जिनसे मानसून में भी रूसी की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**नारियल के तेल और नींबू का मिश्रण लगाएं**

नारियल का तेल और नींबू का मिश्रण नमी को दूर करने और रूसी को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक चम्मच नींबू के रस में दो चम्मच नारियल के तेल मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने सिर की त्वचा पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 30 से 45 मिनट के बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में 2 बार इस घरेलू उपाय को आजमाएं।

**दही और शहद का मिश्रण बनाएं**

दही और शहद का मिश्रण भी रूसी की समस्या से राहत दिला सकता है। इसके लिए एक कटोरी में 3 बड़ी चम्मच दही और 2 चम्मच शहद मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और 20–30 मिनट के बाद सिर को शैंपू से साफ कर लें। दही में मौजूद प्राकृतिक तत्व और शहद की नमी मिलकर रूसी को कम कर सकते हैं। इस उपाय को नियमित रूप से अपनाएं।

**एलोवेरा जेल और टी ट्री तेल लगाएं**

टी ट्री तेल में ऐसे गुण होते हैं, जो रूसी पैदा करने वाले जीवाणुओं को खत्म करने में मदद कर सकते हैं, वहीं एलोवेरा जेल सिर की त्वचा को पोषण देने के साथ–साथ रूसी की समस्या को बढ़ने से रोक सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच एलोवेरा जेल और 5 बूंद टी ट्री तेल मिलाकर अपने सिर पर लगाएं और आधे घंटे बाद शैंपू से साफ कर लें।

**सेब का सिरका आएगा काम**

सेब के सिरके में ऐसे तत्व होते हैं, जो सिर की त्वचा का संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं और रूसी की समस्या को कम कर सकते हैं। लाभ के लिए 2 चम्मच सेब के सिरके को एक कप पानी में मिलाएं, फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरकर अपने सिर पर छिड़कें। 15 मिनट के बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें।

# पारिस्थितिक और मानवीय आपदा ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना

**ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को नीति आयोग ने 2021 में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य इस द्वीप को एक आर्थिक और सामरिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मागरे में से एक है। परियोजना के तहत 16,610 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जाएगा जिसमें से 130.75 वर्ग किमी. प्राचीन वन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की 'एक्ट ईस्टइ नीति के तहत महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों ने इसे विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया है। ग्रेट निकोबार द्वीप 1989 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया था और 2013 में यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम में शामिल किया गया। यह द्वीप 1,767 प्रजातियों के साथ एक समृद्ध जैव विविधता का घर है, जिसमें 11 स्तनधारी, 32 पक्षी, 7 सरीसृप और 4 उभयचर प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में स्थानिक हैं।**

**विनीत नारायण**

ग्रेट निकोबार द्वीप, जो भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है, अपनी अनूठी जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यह द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु, इंदिरा प्वॉइंट, होने के साथ–साथ यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व भी है।

कुछ समय पहले नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित 72,000 करोड़ की ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना ने इस क्षेत्र को वैश्विक व्यापार, पर्यटन और सामरिक महत्त्व का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना में एक अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, एक टाउनशिप और एक गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट का निर्माण शामिल है। इस परियोजना को लेकर पर्यावरणविद्, आदिवासी अधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को नीति आयोग ने 2021 में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य इस द्वीप को एक आर्थिक और सामरिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मागरे में से एक है। परियोजना के तहत 16,610 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जाएगा जिसमें से 130.75 वर्ग किमी. प्राचीन वन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की 'एक्ट ईस्टइ नीति के तहत महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों ने इसे विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया है।ग्रेट निकोबार द्वीप 1989 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया था और 2013 में यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम में शामिल किया गया। यह द्वीप 1,767 प्रजातियों के साथ एक समृद्ध जैव विविधता का घर है, जिसमें 11 स्तनधारी, 32 पक्षी, 7 सरीसृप और 4 उभयचर प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में स्थानिक हैं। परियोजना के लिए लगभग 9.6 लाख से 10 लाख पेड़ों की कटाई की जाएगी जो द्वीप के प्राचीन वर्षा वनों को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी। यह न केवल स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को प्रभावित करेगा, बल्कि प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ्स) और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचाएगा। गलाथिया खाड़ी, जहां ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल प्रस्तावित है, लेदरबैक कछुओं और निकोबार मेगापोड पक्षियों का प्रमुख प्रजनन स्थल है।

2021 में गलाथिया खाड़ी वन्य जीव अभयारण्य को डिनोटिफाई कर दिया गया जो भारत की राष्ट्रीय समुद्री कछुआ संरक्षण योजना (2021) के विपरीत है। यह कछुओं और अन्य समुद्री प्रजातियों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है क्योंकि बंदरगाह निर्माण से होने वाला प्रदूषण, ड्रेजिंग, और जहाजों की आवाजाही उनके प्रजनन और अस्तित्व को प्रभावित करेगी। द्वीप पर शोम्पेन और निकोबारी आदिवासी समुदाय रहते हैं, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (घ्व्ज्क्र) के रूप में वर्गीकृत हैं। ये समुदाय अपनी आजीविका और संस्कृति के लिए जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। परियोजना से इनके पारंपरिक क्षेत्रों का 10त्न हिस्सा प्रभावित होगा जिससे उनकी सामाजिक संरचना और जीविका पर खतरा मंडराएगा।

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बाहरी लोगों के संपर्क से इन जनजातियों में रोगों का खतरा बढ़ सकता है, जिससे उनकी आबादी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है। ग्रेट निकोबार द्वीप अंडमान–सुमात्रा फॉल्ट लाइन पर स्थित है, जो भूकंप और सुनामी के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। 2004 की सुनामी ने इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया था। पर्यावरण प्रभाव आकलन में भूकंपीय जोखिमों को कम करके आंका गया है, और विशेषज्ञों का कहना है कि परियोजना के लिए साइट–विशिष्ट भूकंपीय अध्ययन नहीं किए गए। यह एक बड़े पैमाने पर आपदा का कारण बन सकता है। परियोजना के लिए काटे गए जंगलों की भरपाई के लिए हरियाणा और मध्य प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण का प्रस्ताव है। लेकिन ये क्षेत्र निकोबार की जैव विविधता से कोई समानता नहीं रखते। यह पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने में असमर्थ है। पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया और मूल्यांकन दस्तावेज को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर गोपनीय रखा गया है। विशेषज्ञों का तर्क है कि केवल हवाई अड्डे का सामरिक महत्त्व हो सकता है, न कि पूरी परियोजना का। पारदर्शिता की यह कमी परियोजना की वैधता पर सवाल उठाती है।

विपक्षी दलों, विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ने परियोजना को 'पारिस्थितिक और मानवीय आपदाइ करार दिया है। पर्यावरणविद् और नागरिक समाज संगठनों ने इसे जैव–विविधता और आदिवासी अधिकारों के लिए खतरा बताया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 2023 में परियोजना की पर्यावरण और वन मंजूरी की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी, लेकिन इसके बावजूद परियोजना को आगे बढ़ाने में जल्दबाजी दिखाई दे रही है। ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पारदर्शी और व्यापक पर्यावरण प्रभाव आकलन, आदिवासी समुदायों के साथ उचित परामर्श और भूकंपीय जोखिमों का सटीक मूल्यांकन आवश्यक है। साथ ही, परियोजना के आर्थिक व्यवहार्यता की पुनः समीक्षा होनी चाहिए क्योंकि भारत में हाल में शुरू हुआ विशाखापत्तनम का ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल पहले से ही वैश्विक व्यापार में योगदान दे रहा है।पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। जैसे कि परियोजना क्षेत्र को क्षेत्रों से बाहर रखा जाए।

## राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों से खेती किसानी को नया आयाम मिला

**छगन लाल लोन्हारे**

प्रदेश सरकार किसानों के आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गांव, गरीब और किसान सरकार की पहली प्राथमिकता में हैं। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है, छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की इन डेढ़ साल के अवधि में किसानों के हित में लिए गए नीतिगत फैसलों से खेती किसानी को नया संबल मिला है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कर रिकॉर्ड कायम किया है। छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है। इस त्यौहार से ही राज्य में खेती–किसानी की शुरूआत होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह त्यौहार परंपरागत् रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान खेती–किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं और घरों में माटी पूजन होता है। गांव में बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद लेते हैं। इस त्यौहार से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक पर्वों की महत्ता भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेड़ी के बिना हरेली तिहार अधूरा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रूपए प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदीकर न सिर्फ किसानों को मान बढ़ाया, बल्कि किसानों को उन्नति की ओर ले जाने में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। साथ ही किसानों के खाते में रमन सरकार के पिछले दो वर्ष का बकाया धान के बोनस 3716.38 करोड़ रूपए अंतरित कर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर दी है। मुख्यमंत्री का मानना है कि भारत गांवों में बसता है। जब किसान खुशहाल होंगे तो प्रदेश का व्यापार, उद्योग बढ़ेगा।

परंपरा के अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गांव में अक्सर हरेली तिहार के पहले बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों की जिद पर अभिभावक जैसे–तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे। हरेली तिहार के दिन सुबह से तालाब के पनघट में किसान परिवार, बड़े बजुर्ग बच्चे सभी अपने गाय, बैल, बछड़े को नहलाते हैं और खेती–किसानी, औजार, हल (नांगर), कुदाली, फावड़ा, गैंती को साफ कर घर के आंगन में मुरूम बिछाकर पूजा के लिए सजाते हैं। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धूप–दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ के चीला का भोग लगाया जाता है। अपने–अपने घरों में अराध्य देवी–देवताओं की साथ पूजा करते हैं। गांवों के ठाकुरदेव की पूजा की जाती है।

हरेली पर्व के दिन पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औषधियुक्त आटे की लोंदी खिलाई जाती है। गांव में यादव समाज के लोग वनांचल जाकर कंदमूल लाकर हरेली के दिन किसानों को पशुओं के लिए वनौषधि उपलब्ध कराते हैं। गांव के सहाड़ादेव अथवा ठाकुरदेव के पास यादव समाज के लोग जंगल से लाई गई जड़ी–बूटी उबाल कर किसानों को देते हैं। इसके बदले किसानों द्वारा चावल, दाल आदि उपहार में यादवों को भेंट करने की परंपरा रही हैं। सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरेली पर्व मनाया जाता है। हरेली का आशय हरियाली ही है। वर्षा ऋतु में धरती हरा चादर ओढ़ लेती है। वातावरण चारों ओर हरा–भरा नजर आने लगता है। हरेली पर्व आते तक खरीफ फसल आदि की खेती–किसानी का कार्य लगभग हो जाता है। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धोकर, धूप–दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ का चीला भोग लगाया जाता है। गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और उनको नारियल अर्पण किया जाता है। हरेली तिहार के साथ गेड़ी चढ़ने की परंपरा अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी परिवारों द्वारा गेड़ी का निर्माण किया जाता है। परिवार के बच्चे और युवा गेड़ी का जमकर आनंद लेते है। गेड़ी बांस से बनाई जाती है। दो बांस में बराबर दूरी पर कील लगाई जाती है। एक और बांस के टुकड़ों को बीच से फाड़कर उन्हें दो भागों में बांटा जाता है। उसे नारियल रस्सी से बांधकर दो पउआ बनाया जाता है।

# तालिबान शासन को भारत के समक्ष चुनौतियां

**गिरीश पांडे**

हाल में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार को रूस की ओर से आधिकारिक मान्यता मिल गई है। चीन, संयुक्त अरब अमीरात और दूसरे कई देशों की राजनयिक इंगेजमेंट के बावजूद रूस दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने अफगानिस्तान को राजनयिक मान्यता प्रदान कर दी है। इसे हम रूस का वौंकिमंच पर अप्रत्याशित और निर्णायक कदम कह सकते हैं।

यह कदम ऐसे समय उठा है जब अमेरिका, भारत और यूरोप जैसे प्रमुख देश अब भी तालिबान शासन को मान्यता देने से परहेज कर रहे हैं। रूस के इस कदम के पीछे कई रणनीतिक कारण निहित हैं। मसलन, रूस, पश्चिमी दबावों से मुक्त होकर स्वतंत्र शक्ति संतुलन स्थापित करना चाहता है। अफगानिस्तान, मध्य एशियाई गणराज्यों की सीमा पर स्थित है, जहां रूस की पारंपरिक पकड़ रही है।तालिबान से संपर्क इसी विस्तार का हिस्सा है। रूस के निर्णय का असर अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और वि राजनीति पर इसका असर पड़ने की संभावना है। 1979 में सोवियत सैनिकों के अफगानिस्तान में दखल के बाद से लेकर 1989 तक मिखाइल गोर्बाचोव के अपनी सेना वापस बुलाने तक अफगानिस्तान और रूस जटिल ऐतिहासिक द्विपक्षीय संबंधों में उलझे रहे।

हालांकि, 20 साल बाद अप्रैल, 2025 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन की लिस्ट से हटाया था और इसके बाद अफगानिस्तान के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा था। अफगानी क्षेत्र में ट्रासपोर्ट कॉरिडोर ऐसी ही एक संभावना है। कहा यह भी जा रहा है कि रूस को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रांत (आईएसकेपी) के मद्देनजर तालिबान से सुरक्षा सहयोग की दरकार है। इस समूह ने रूस में पिछले साल आतंकी हमले को अंजाम दिया था और जिसमें 130 लोग मारे गए थे। इसलिए रूस ने इस बार यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।

ध्यान देने की बात है कि अगस्त, 2021 में अमेरिका और नाटो के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। तब तालिबान ने कहा था कि वह अफगानिस्तान में लिबरल शासन चलाएगा, लेकिन उसके बाद उन्होंने कड़े शिया कानून लागू कर दिए। महिलाओं के प्रति कड़ी भेदभाव वाली नीतियों की वजह से पश्चिम के देशों ने तालिबान को राजनयिक तौर पर अलग–थलग रखा है। जानकार कहते हैं कि अब चीन भी रूस के नक्शेकदम पर चलेगा और अफगानिस्तान को मान्यता देने के बारे में सोचेगा। वैसे भी अभी रूस और चीन की 'अनिलमिटेड दोस्तीइ चल रही है।

जहां तक भारत का संबंध है, रूस के इस निर्णय से भारत के समक्ष कुछ चुनौतियां और विकल्प उभरते हैं। पहला तो यही है कि रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी रहा है। रूस द्वारा तालिबान को मान्यता देना भारत के हितों के विपरीत प्रतीत हो सकता है, विशेषकर जब अफगानिस्तान से आतंकवाद की आशंका बनी हुई हो। इसके अलावा, रूस, ईरान, चीन और पाकिस्तान का तालिबान से व्यवहार भारत के लिए अलग–थलग पड़ने की स्थिति पैदा कर सकता है, और तालिबान की सत्ता में मजबूती, जम्मू–कश्मीर में कट्टरपंथी ताकतों को परोक्ष समर्थन दे सकती है। इसलिए अभी भारत का तालिबान के साथ सॉफ्ट एंगेजमेंट चल रहा है, और तालिबान के साथ बिना उसे औपचारिक मान्यता दिए सीमित और नियंत्रित संवाद जारी हैं।भारत, अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति की भी बराबर निगरानी कर रहा है। अफगानिस्तान को लेकर भारत का दृष्टिकोण हमेशा ही अफगान के लोगों के साथ दीर्घकालिक और विशेष मित्रता से प्रेरित रहा है, और साथ ही एक दीर्घकालिक साझेदार के रूप में अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में भारत का हित सीधे जुड़ा है। अफगानिस्तान के साथ अपने पुराने संबंधों पर जोर देते हुए भारत ने युद्धग्रस्त देश की मानवीय और विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की सदैव ही प्रतिबद्धता जताई है।

# छावा वाले दिनेश विजान 2 नए यूनिवर्स लाने को तैयार

स्त्री 2 और छावा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर चुके निर्माता दिनेश विजान एक ओर जहां अपने सुपरनेचुरल यूनिवर्स के तहत कई हॉरर और हॉरर कॉमेडी फिल्में दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं, वहीं खबर है कि वह 2 और नए सिनेमाई यूनिवर्स लेकर आ रहे हैं। दिनेश अपनी प्रोडक्शन कंपनी मैडॉक फिल्म्स का दायरा और बढ़ाने जा रहे हैं और इसके लिए पहले से वो धांसू तैयारी कर चुके हैं।मैडॉक फिल्म्स 2 एकदम नई फ्रेंचाइजी की शुरुआत करने की तैयारी कर रहा है। हॉरर–कॉमेडी जगत में सिक्का जमा चुका ये प्रोडक्शन हाउस अब अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर कदम आगे बढ़ा रहा है।



रिपोर्ट के मुताबिक, मैडॉक फिल्म्स पिछले 2 साल से बिना किसी शोर–शराबे के द अरेबियन नाइट्स पर आधारित एक फैंटेसी यूनिवर्स बनाने की तगड़ी तैयारी कर रहा है। इस यूनिवर्स के जरिए दर्शकों के लिए लोकप्रिय लोककथाएं पर्दे पर देखने को मिलेंगी।

इस ट्रायलॉजी की शुरुआत अली बाबा एंड द फोर्टी थीव्स से होगी। उसके बाद अलादीन और जादुई चिराग और अंत में आएगी सिंबाद द सेलर। हर किस्त में जादू, रोमांच और सांस्कृतिक विरासत का मिश्रण के साथ कहानी कहने का ऐसा रोमांचक स्तर देखने को मिलेगा, जो भारतीय सिनेमा में शायद ही पहले कभी देखने को मिला होगा। अली बाबा एंड द फोर्टी थीव्स की शूटिंग इसी साल शुरू होने की उम्मीद है।

# 6 विकेट थे हाथ में फिर भी साउथ अफ्रीका नहीं बनाई पाई 7 रन

नई दिल्ली। आखिरी ओवर और जीत के लिए चाहिए मात्र 7 रन और हाथ में हों 6 विकेट। क्रीज पर सेट बल्लेबाज मौजूद है और फिर भी टीम फाइनल मुकाबला 3 रन से हार जाती है। जी आप सही पढ़ रहे हैं। ऐसा ही हुआ वो भी साउथ अफ्रीका के साथ। जिम्बाब्वे में खेली गई टी20 ट्राई सीरीज के फाइनल में न्यूजीलैंड ने ये चमत्कार किया। हरारे में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 ट्राई सीरीज का फाइनल खेला गया। न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को तीन रन से हराकर खिताब जीता। इस सांस रोक देने वाले मैच में मैट हेनरी ने अपनी नब्ज पर काबू रखा और साउथ अफ्रीका को आखिरी ओवर में 7 रन नहीं बनाने दिए।

**अफ्रीका ने जीता टॉस**

फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट और कॉनवे ने बेहतरीन शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। सीफर्ट 30 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कॉनवे 47 रन बनाकर 101 के स्कोर पर आउट हुए।

**कॉनवे–रचिन की इम्पैक्ट फुल पारी**




रचिन रवींद्र ने 47 रन बनाकर टीम का स्कोर 170 के पार पहुंचा दिया। डेरिल मिचेल ने नाबाद 16 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की बैटिंग लाइन–अप को देखते हुए यह स्कोर छोटा दिखा रहा था। खैर, टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरती है। प्रीटोरियस और हेंड्रिक्स के बीच पहले विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी होती है। ड्रे प्रीटोरियस 51 रन बनाकर आउट हुए। लग रहा था मैच साउथ अफ्रीका की मुट्ठी में है। लेकिन, हेंड्रिक्स भी जल्द ही 37 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

**ऐसे पलटा मैच**

इसके बाद अफ्रीका ने 131 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। यहां से मैच में न्यूजीलैंड ने वापसी कर ली। हालांकि, डेवाल्ड ब्रेविस ने कुछ बाउंड्री लगाकर साउथ अफ्रीका को वापसी करने का मौका दिया। अब आखिरी ओवर में अफ्रीका को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे। क्रीज पर सेट बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस मौजूद थे और अफ्रीका के हाथ में 6 विकेट थी।

**आखिरा ओवर का ड्रामा**

सेंटनर ने मैट हेनरी को गेंद सौंपी। पहली गेंद पर ब्रेविस कोई रन नहीं बना सके। दूसरी गेंद पर ब्रेविस बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में कैच आउट हो गए। तीसरी गेंद पर कॉर्बिन बॉश ने दो रन लिए। अब टीम को 3 गेंद पर 5 रन चाहिए थे। चौथी गेंद पर 1 रन बना। पांचवीं गेंद पर हेनरी ने लिंडे को आउट कर दिया। अब एक गेंद पर 4 रन चाहिए थे। मैट हेनरी ने कमाल कर दिया आखिरी गेंद डॉट रही और न्यूजीलैंड ने फाइनल जीत लिया।

# फिल्म सैयारा का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी



मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है। खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो अनन्या पांडे के भाई अहान पांडे हैं। इसमें उनकी जोड़ी अनीत पड्डा के साथ बनी है। 18 जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। आइए जानें सैयारा ने रिलीज के छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।सैकनिल्क के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 21 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 153.25 करोड़ रुपये हो गया है। सैयारा ने 21.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 26 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस फिल्म ने तीसरे दिन 35.75 करोड़ रुपये और चौथे दिन 24 करोड़ रुपये कमाए। पांचवे दिन इसने 25 करोड़ रुपये जुटाए थे।सैयारा 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म के जरिए अहान ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है,

## किरण अब्बावरम की के–रैंप की शीर्षक से उठा पर्दा

युवा और सफल नायक किरण अब्बावरम आगामी फिल्म के–रैंप में अभिनय कर रहे हैं, जिसका निर्माण राजेश दंडा और शिवा बोम्मक्कू ने हास्य मूवीज़ और रुद्रांश सेल्युलॉइड के बैनर तले संयुक्त रूप से किया है। इस फिल्म का निर्देशन जैन नानी कर रहे हैं और इसमें युक्ति थरेजा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। के–रैंप दिवाली के मौके पर 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में भव्य रूप से रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

निर्माताओं ने द रिचेस्ट चिलर गाय शीर्षक से फिल्म की एक विशेष झलक जारी की। इस झलक में, किरण अब्बावरम कुमार की भूमिका में नज़र आ रहे हैं, जो एक बेपरवाह और मज़बूत जन–भावना वाले युवा हैं।

# आखिरी ओवर में 13 रन नहीं बचा सकी भारतीय टीम, धवन के तूफान पर फिरा पानी

नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के 10वें मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस का सामना इंडिया चैंपियंस से हुआ। शिखर धवन और यूसुफ पठान की तूफानी फिफ्टी के चलते भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 203 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया टीम ने 1 गेंद पहले ही 6 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में 13 रन चाहिए थे। इरफान पठान ने 20वां ओवर किया, लेकिन वह भारत को जीत नहीं दिला सके।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शिखर धवन और रॉबिन उथप्पा ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 31 गेंदों पर 57 रन की पार्टनरशिप हुई। छठे ओवर की पहली गेंद पर उथप्पा कैच आउट हुए। 3 नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अंबाती रायुडू का खाता नहीं खुला। इसे बाद सुरेश रैना ने 11 गेंदों पर 11 रन और कप्तान युवराज सिंह ने 4 गेंदों पर 3 रन की पारी खेली। अंत में यूसुफ पठान ने सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का साथ दिया और भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। पठान और धवन के बीच 100 रन की पार्टनरशिप हुई। दोनों ही बल्लेबाज नाबाद पवेलियन लौटे। धवन ने 151.67 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 60 गेंदों पर 91 रन जड़ दिए। अपनी इस पारी में उन्होंने 12 चौके और 1 सिक्स लगाया। वहीं यूसुफ पठान ने 23 गेंदों पर 52 रन कूट दिए। इस दौरान उनके बल्ले से 3 चौके और 4 छक्के निकले। जवाब में कैलम फर्ग्यूसन के 70 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इस मुकाबले को जीत लिया। क्रिस लिन ने 25, शॉन मार्श ने 11 रन बनाए। बेन डंक का खाता नहीं खुला। डी आर्सी शॉर्ट ने 20, डैनियल क्रिश्चियन ने 39 और बेन कटिंग ने 15 रन की पारी खेली। फर्ग्यूसन 38 गेंदों पर 70 रन बनाकर नाबाद रहे। रोब क्विनी ने 8 गेंदों पर 16 रन की नाबाद पारी खेली। पीयूष चावला ने 3 विकेट चटकाए। वहीं हरभजन सिंह को 2 और विनय कुमार को 1 सफलता मिली।



## एक नजर

### पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्रों और मतगणना स्थलों का किया निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पंचायत चुनाव के तहत पर्यवेक्षक गौरव कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों और मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रो पर बिजली, पेयजल और शौचालय व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। पर्यवेक्षक ने पौड़ी के मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टियों की रवानगी आदि की तैयारियों की जानकारी ली।

शनिवार को पर्यवेक्षक ने पौड़ी, कल्जीखाल व कोट ब्लाक के विभिन्न मतदान और मतगणना केन्द्रों में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने ब्लॉकों रिटर्निंग अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं समय से करते हुए आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कल्जीखाल ब्लाक के फलदा और किमोली मतदान केंद्रों का दौरा करते हुए वाहनों की सघन चेकिंग करने के साथ ही सरकारी इमारतों व परिसंपत्तियों पर लगी प्रचार सामग्री, पोस्टर और बैनर को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए।

### पंचायत चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार थमा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पंचायत चुनावों को लेकर शनिवार को दूसरे एवं अंतिम चरण का प्रचार थम गया है। इस चरण में जिले के सात ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य से लेकर बीडीसी और ग्राम प्रधानों के लिए चुनाव होने है। सोमवार को पौड़ी जिले के कोट, कल्जीखाल, पौड़ी, जयहरीखाल, द्वारीखाल, यमकेश्वर और दुगड्डा ब्लॉकों में वोटिंग होगी। इन ब्लॉकों में प्रत्याशियों ने प्रचार के अंतिम दिन ताबड़तोड़ प्रचार किया इससे पहले 24 जुलाई को जिले के आठ ब्लॉकों में आने वाली इन्हीं पदों के लिए चुनाव हो गया था। अब पंचायत चुनावों के दूसरे चरण के मतदान की तैयारी है। पौड़ी जिले के सात ब्लॉकों में आने वाली जिला पंचायत की 16 सीटों सहित बीडीसी की 151 और ग्राम प्रधान की 466 सीटों के लिए मतदान 28 जुलाई को होगा। इस चरण में 73 ग्राम प्रधानों सहित क्षेत्र पंचायत की 10 सीटों पर पहले चुनाव निर्विरोध हो गया है।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, ढाई लाख की नगदी और 6 पेटी शराब पकड़ी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। विभाग की टीम ने घुड़दौड़ी के पास से शनिवार को एक रिजॉर्ट से अवैध शराब की 6 पेटियां और मौके से 2 लाख 56 हजार पांच सौ रुपये नगदी बरामद की है। विभाग ने मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए हिरासत में लिया है। विभाग मामले की जांच कर रहा है।

जिला आबकारी अधिकारी तपन पांडेय ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने पंचायत चुनावों में निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर अवैध शराब पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए है। जिस पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि घुड़दौड़ी के समीप एक रिजॉर्ट में अवैध शराब रखी गई है। सूचना मिलते ही रिजॉर्ट में टीम के साथ छापा मारा गया। मौके पर टीम को 6 पेटी शराब व 2 लाख 56 हजार पांच सौ की नगदी मिली है। बताया कि मामले में आरोपी कुलदीप सिंह के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### हर माह स्वच्छता का महाअभियान चलाएगा नगर निगम

हरिद्वार। मेयर किरन जैसल और नगर आयुक्त नंदन कुमार के नेतृत्व में सभी 60 वार्डों में एक साथ स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। इस मुहिम में नगर निगम के 1200 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी जुटे। इसके साथ ही पार्षदगण, स्वयंसेवी संस्थाएं, व्यापारी संगठन, छात्र–छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी की। यह अभियान सुबह से लेकर देर शाम तक चला और इसका उद्देश्य केवल साफ–सफाई नहीं, बल्कि जन–जागरूकता भी रहा। नगर निगम हर महीने सभी 60 वार्डों में स्वच्छता महा अभियान चलायेगा। मेयर किरन जैसल ने कहा कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। इसलिए सभी को इस प्रकार के अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने कहा कि अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन की जानकारी सबको होनी आवश्यक है। महा स्वच्छता अभियान में उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर तालियान, मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकांत, विकास चौधरी, संजय शर्मा, अर्जुन चौधरी एवं पार्षद मौजूद रहे।

# सुबह रूकवाया और शाम को खड़ा हो गया यात्री शेड का ढांचा

### सिम्मलचौड़ में नहीं थम रहा यात्री शेड को लेकर चल रहा विवाद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सिम्मलचौड़ में यात्री शेड को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार स्थानीय लोगों ने अन्यत्र स्थान पर चल रहे यात्री शेड निर्माण के कार्य को रूकवाया। वहीं, शाम के समय उक्त स्थान पर ही यात्री शेड का ढांचा बनकर तैयार हो गया। स्थानीय लोगों ने यात्री शेड निर्माण में हुई अनियमितता की जांच करवाने की मांग उठाई।


यात्री शेड को लेकर अधिकारियों से वार्ता करते लोग

सिम्मलचौड़ में साढ़े चार लाख रुपये की धनराशि से यात्री शेड निर्माण का बोर्ड लगाया गया था। लेकिन, उक्त स्थान पर कोई यात्री शेड ही नजर नहीं आ रहा था। इसके बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर सरकारी सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। साथ ही इसका एक वीडियों इंटरनेट पर भी खूब वायरल हुई। जिसके बाद विभाग ने उक्त बोर्ड को हटाकर दूसरे स्थान पर लगा दिया। शनिवार को जैसे ही कार्यदाई संस्था ने दूसरे स्थान पर यात्री शेड का निर्माण कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों मौके पर पहुंचे और उसका विरोध करने लगे। पार्षद मनोज शाह व सुधीर बहुगुणा ने कहा कि जनता के पैसों का किस तरह बंदरबाट किया जा रहा है। यह इसका जीता-जागता उदाहरण है। कहा कि जहां पर यात्री शेड बनाया जा रहा है वह विवादित स्थल है। कहा कि जब तक मामले की उच्च स्तरीय जांच नहीं होती वह यात्री शेड का निर्माण नहीं होने देंगे। वहीं, जैसे ही आंदोलन कर रहे लोग मौके से गए ठेकेदार ने उक्त स्थान पर शाम तक यात्री शेड का ढांचा खड़ा कर दिया। हालांकि, इसके बाद दोबारा लोग मौके पर पहुंच और उन्होंने शेड निर्माण कार्य रूकवा दिया।

### युवती से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

हरिद्वार। नौकरी दिलाने का झांसा देकर नशीली चाय पिलाकर दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने व अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में आरोपी अंकित यादव की जमानत अर्जी एफटीएससी/एडीजे चंद्रमणि राय ने रद्द कर दी है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 14 दिसंबर 2024 में आरोपी युवक पर पीड़िता को नौकरी दिलाने के दिलाने के बहाने अपने कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप है। यही नही, आरोपी युवक पर अश्लील वीडियो बनाकार वायरल करने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। बाद में आरोपी युवक पर पीड़िता की अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। आरोपी युवक पर इस घटना के बारे में बताने पर उसके जीजा को मरवाने की धमकी देने का आरोप भी है। पीड़िता ने आरोपी अंकित यादव पुत्र राम कुमार यादव निवासी गोविंदनगर कानपुर यूंपी, हाल पता रावली महदूद थाना सिडकुल खिलाफ संबधित धाराओं में केस दर्ज कराया था।

# शहीदों की स्मृति में लगाई दौड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कारगिल विजय दिवस पर जय देवभूमि फाउंडेशन की ओर से हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांशु, अंकिता, विनीत कुमार राय व शीतल अपने-अपने वर्गों में प्रथम रहे।

देवी मंदिर स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र से शुरू हुई मिनी हाफ मैराथन को भाजपा जिला अध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, संस्था संरक्षक लेफ्टिनेंट कर्नल (सेनि) चंद्रपाल सिंह पटवाल, अध्यक्ष शिवानंद लखेड़ा, समाजसेवी सुनीता कोटनाला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों व युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान दौड़ पांच किलोमीटर दूर मोटाढाक स्थित मिनी स्टेडियम में पहुंच कर संपन्न हुई। प्रतियोगिता का समापन पर राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। साथ ही पौध रोपण भी किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में दिव्यांशु, विजय व मोहम्मद अयान और बालिका वर्ग में नेहा, निकिता व नव्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। ओपन वर्ग में विनित कुमार राय प्रथम, संजय सिंह द्वितीय व लक्ष्मण तृतीय रहे, जबकि महिला वर्ग में शीतल प्रथम, मानवी द्वितीय व प्रिया रावत तृतीय रहे। अग्निवीर जवानों के प्रथम वर्ग में विक्रम सिंह, अनूप रावत व राजन और द्वितीय वर्ग में रवींद्रम, सूर्यकांत व रोहित क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सेवानिवृत वर्ग (चालीस वर्ग से अधिक) में सतीश भारद्वाज प्रथम, रणवीर द्वितीय व राकेश रावत तृतीय रहे। जबकि महिला वर्ग में अनीता बिष्ट विजेता रहे। इस मौके पर पार्षद सौरभ नौडियाल, महिला पतंजलि की प्रभारी शोभा रावत, जिला खेल संघ संरक्षक धीरेंद्र कंडारी, कांग्रेस नेत्री रंजना रावत, हिमांशु द्विवेदी, सौरव नौडियाल, धीरज सिंह रावत, सुनील रावत, सिद्धार्थ रावत, पूर्व सैनिक समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, शिवम नेगी, उत्कर्ष नेगी, प्रांजल भट्ट, मोहम्मद तालिब आदि मौजूद रहे। संचालन परितोष रावत ने किया।

# कांग्रेस ने वीर शहीदों को किया याद



कोटद्वार में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** कोटद्वार जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन भारतीय सेना के जांबाजों ने मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में कारगिल को पाकिस्तानी सेना के कब्जे से मुक्त कराकर दुश्मन सैनिकों को खदेड़ दिया था और विजयश्री प्राप्त की थी। आज हम युद्ध के वीर सैनिकों को जहां गर्व से नमन कर रहे हैं, वहीं वीरगति प्राप्त करने वाले शहीद सैनिकों को भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी शहादत को प्रणाम कर रहे हैं। कहा कि देश सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को हमेशा नमन करता रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रंजना रावत, शंकेश्वर प्रसाद सेमवाल, शूरवीर खेतवाल, गिरीश सिंह नेगी, बलबीर सिंह रावत, लक्ष्मी चौहान, मनवर सिंह रावत और मनोज बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# वीर शहीदों के स्वजनों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कारगिल दिवस पर सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कल्याण लैंसडौन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वीर शहीदों के स्वजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया।

शनिवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।


आयोजित कार्यक्रम में वीर सैनिकों को श्रद्धंजलि देती विस अध्यक्ष

उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय सेना का लोहा माना जाता है। कारगिल विजय दिवस वीर बलिदानियों के शौर्य को याद दिलाता है। विषम परिस्थितियों में हमारे वीर जवानों ने कारगिल युद्ध लड़ा और उस पर फतह हासिल की। कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार वीर सैनिकों के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। उत्तराखंड प्रदेश में पांचवें धाम सैन्य धाम की स्थापना की गई है। धाम में हर बलिदानी के घर की मिट्टी को लाकर लगाया गया है। विस अध्यक्ष ने वीर बलिदानियों के स्वजनों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कमांडेंट बीएस नेगी ने कहा कि कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय बनने से सबसे अधिक लाभ सेना के जवानों के बच्चों को मिलेगा। इस मौके पर कमांडेंट सुरेंद्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीरेंद्र प्रसाद भट्ट, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, गजेंद्र मोहन धस्माना, नायब सूबेदार देवेंद्र नेगी, भारत भूषण बलूनी, जगदीश प्रसाद पोखरियाल, गोपाल जखमोला, अनिल डबराल, गोपाल सिंह रावत, सीपी धूलिया, सीपी डोबरियाल आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं का हुआ आईटी कंपनी में चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार में कंप्यूर साइंस के बीसीए और बीएससी आईटी विषय में अंतिम वर्ष की शिक्षा ले रहे 22 छात्र-छात्राओं का देश की जानी मानी आईटी कंपनी में चयन हुआ है। हिटाची ग्रुप की ग्लोबल लॉजिक और केपी रिलाइबल टैक्नीक इंडिया कंपनी में नौकरी मिलने पर छात्रों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है।



आईएचएमएस कॉलेज में कंप्यूटर साइंस के छात्रों को जानकारी देते ग्लोबल लॉजिक कंपनी के एचआर अधिकारी

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट सेलेक्शन के तहत गुरुग्राम में स्थापित देश विदेश की जानी मानी हिटाची ग्रुप की आईटी कंपनी ग्लोबल लॉजिक और केपी रिलाइबल टैक्नीक इंडिया कंपनी की ओर से उनके सीनियर एचआर मैनेजर कॉलेज में आए थे। उन्होंने पहले कॉलेज में बीसीए और बीएससी आईटी के छात्र-छात्राओं को कंपनी की जानकारी दी और उनसे ऑनलाइन पंजीकरण कराया। इसके बाद कंप्यूटर पर टेस्ट लिया और इसके बाद साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर छात्र-छात्राओं को सॉफ्टवेयर डेबलेपर और डेटा एनालिस्ट पदों पर तीन से चार लाख के पैकेज का ऑफर लेटर दिए गए। उन्होंने कहा कि कालेज में क्षेत्र के युवाओं की बेहतरीन शिक्षा के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली विकसित की गई है। जिसके कारण भारत सरकार की एजेंसी नेशनल एसेसमेंट काउंसिल (नैक) ने उन्हें बी ग्रेड की मान्यता दी है। कहा कि छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए अन्य कंपनियों से भी अनुबंध किए जा रहे हैं।

### इन छात्र छात्राओं को मिली जॉब

बीसीए के छात्र आकाश सिंह, अमन भट्ट, अंकित सिंह रावत, गौरव सिंह बिष्ट, हिमांशु बिष्ट, खुशी द्विवेदी, महक नीरज ध्यानी, बीएससी आईटी के छात्र अमन नेगी और सुमित नेगी को केपी रिलाइबल टैक्नीक इंडिया कंपनी से ऑफर लेटर मिला है। जबकि बीसीए के छात्र अनुज रावत, ईशा, नरेंद्र सिंह सैनी, निकिता बलोधी, शाक्षी रावत, सौरभ नेगी और तानिया रावत, बीएससी आई में देवाशीष कौशिक, विकास पंत, सिद्धार्थ नेगी और मानसी बिष्ट को हिटाची ग्रुप की आईटी कंपनी ग्लोबल लॉजिक का ऑफर लेटर मिला है।

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमैल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस ने नाबालिग लड़की के ऑनलाइन अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में बीती 11 जुलाई को स्थानीय निवासी ने पौड़ी कोतवाली में तहरीर दी थी। तहरीर पर कोतवाली पौड़ी ने आरोपी के विरुद्ध पोक्सो सहित बीएनएस ऐक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

पौड़ी के एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि संवेदनशील व नाबालिग का प्रकरण होने पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीओ पौड़ी टीएस राणा की अगुवाई में पुलिस टीम गठित करते हुए यह जांच सौंपी गई। पुलिस टीम ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की और आरोपी साहिल निवासी ग्राम ओसीका, थाना बडौत जिला बागपत को उस समय पौड़ी के पास से गिरफ्तार कर लिया जब वह नाबालिग से मिलने पौड़ी आया था। एसएसपी ने बताया कि आरोपी कर्नाटक में सैलून का काम करता है।

इस मामले में पुलिस ने सर्विलांस की भी मदद ली। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह विभिन्न ऐपों के माध्यम से लड़कियों से दोस्ती करता है और उसके बाद उनके न्यूड विडियो बनाकर उनको अपने साथ रहने व शारीरिक संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करता है। पुलिस को आरोपी के मोबाइल से पीड़िता के अश्लील वीडियो मिलने के साथ ही 10 से अधिक लड़कियों के साथ भी संपर्क में होने का पता चला। एसएसपी के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसआई हेमलता सेमवाल, एसआई मेहराजुद्दीन और दिगंबर शामिल रहे।

# एवीएन के 46 छात्रों ने प्राप्त की येलो बेल्ट



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर के एवीएन सीनियर सेकंडरी स्कूल हल्दूखाता में नेगी ताइक्वांडो इंडिया (चंडीगढ़) के तकनीकी सहयोग से ताइक्वांडो बेल्ट प्रमोशन टेस्ट आयोजित किया। इस अवसर पर 46 छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर येलो बेल्ट प्राप्त की। इस परीक्षा में छात्रों को वर्ल्ड ताइक्वांडो मानकों के अनुरूप पूमसे, बेसिक तकनीक, आत्मरक्षा और फाइटिंग जैसे वर्गों में परखा गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर रजनीश शर्मा और संचालिका अनुराधा नैथानी शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन स्कूल के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा नियमित रूप से चलाए जा रहे समग्र विकास कार्यक्रमों का हिस्सा है। कहा छात्रों में शिक्षा के साथ ही खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है जो छात्रों को जीवन मूल्यों में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता है। परीक्षण का संचालन स्कूल के ताइक्वांडो कोच मुकेश कुमार (ब्लैक बेल्ट, दक्षिण कोरिया) के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें तकनीकी सहयोग नेगी ताइक्वांडो इंडिया (चंडीगढ़ भारत) की विशेषज्ञ टीम ने दिया। 46 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता पूर्वक येलो बेल्ट प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में सफल छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए।

# सिंचाई नहर की व्यवस्थाओं पर ध्यान दें अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शनिवार को सिंचाई अनुश्रवण सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल ने सनेह क्षेत्र में बाई खोह नहर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को नहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि काश्तकारों के खेतों तक पानी पहुंचने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएं।

ऋषि कंडवाल ने सिद्धबली से सनेह तक बाई खोह नहर का निरीक्षण किया। कहा कि वर्षा के कारण नहर के कई स्थानों पर मलबा आ गया है। जिसके कारण काश्तकारों के खेतों तक सिंचाई का पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में अधिकारियों को तीन दिन के भीतर व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं।


कोटद्वार के सनेह क्षेत्र में नहरों का निरीक्षण करते सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल

कहा कि आगे भी नहर में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए अधिकारी स्वयं समय-समय पर निरीक्षण करते रहे। उन्होंने काश्तकारों को बेहतर फसल के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। कहा कि इसके लिए कृषि विभाग को भी निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर वार्ड पार्षद जयप्रकाश ध्यानी, पूर्व प्रधान दीपेंद्र काला, कुंवर सिंह, राजेंद्र जजेड़ी आदि मौजूद रहे।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जानकीनगर स्थित संस्थान रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर कोटद्वार में अचार्य प्रफुल्ल चंद्र रॉय की जयंती के अवसर पर विज्ञान सप्ताह के आयोजन के द्वितीय दिवस पर वैज्ञानिक उपकरणों पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ विज्ञान प्रमुख राहुल भाटिया एवं संगीता रावत ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। रंगोली प्रतियोगिता में बाल वर्ग में कक्षा अष्टम के जे.सी. बोस समूह ने प्रथम, कक्षा सप्तम के सी.वी. रमन समूह ने द्वितीय, कक्षा अष्टम के चरक समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में कक्षा नवम ब के अब्दुल कलाम समूह ने प्रथम, कक्षा दशम-अ के सुश्रुत समूह एवं दशम-ब के सतीश धवन समूह ने संयुक्त रूप से द्वितीय, कक्षा दशम-अ के जहांगीर समूह एवं कक्षा नवम-अ के विक्रम साराभाई समूह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग में कक्षा द्वादश-ब के हरगोविंद खुराना समूह एवं कक्षा एकादश-ब के मेघनाथ शाह समूह नहीं संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, एकादशी के सत्येंद्र नाथ समूह ने द्वितीय स्थान एवं एकादश सारी वीरबल साहनी समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात विज्ञान प्रमुख आचार्य संगीता रावत ने समस्त छात्र-छात्राओं को तृतीय दिवस की विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के बारे में सूचना प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, रोहित बलोदी, राकेश चमोली, राजन कुमार, भूपेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश, संगीता कुकशाल, प्रेरणा शर्मा, नंदिनी नैथानी, बिनीता बिष्ट एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कृत्रिम गर्भाधान की कवरेज बढ़ाने पर दे विशेष जोर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अपर निदेशक पशुपालन विभाग गढ़वाल मंडल डा. भूपेंद्र सिंह जंगपांगी ने पशु सेवा केंद्र कंडारा, परसुंडाखाल, खांड्यूसैंण, सत्यखाल, पिसौली एवं देहलचौरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय योजनाओं व पशुधन बीमा का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए कृत्रिम गर्भाधान की कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए भ्रमण करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी पशुधन प्रसार अधिकारियों को फीड ब्लाक हर समय उपलब्ध रखने व सप्ताह में एक दिन गांवों का भ्रमण कर शिविर आयोजित करते हुए पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ देने के निर्देश दिए।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

टेन्डर नं. 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice — दिनांक : 25.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है । निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 121-DRM-MB-25-26 dt. 25.07.2025 |
| कार्य का नाम | Flush butt welding of rails from Single rail/Three rail panels to (60kg/52kg) LWR by in situ Mobile Flash Welding under Sr. DEN/C/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 18.08.2025. |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 6,93,12,175.87 |
| धरोहर राशि | 4,96,600.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 04.08.2025 |

2287/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता भूपाल के निधन पर शोक

पिथौरागढ़। बेरीनाग के कालेटी के पूर्व प्रधान व भाजपा नेता भूपाल सिंह कार्की उर्फ खंडपीठ के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। शनिवार को रामगंगा नदी के तट पर अंत्येष्टि हुई। पुत्र अर्जुन कार्की ने चिता को मुखाग्नि दी। 58 वर्षीय भूपाल सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भाजपा के साथ जुड़े। भाजपा के सैनिक मोर्चा के ब्लाक, जिलाध्यक्ष व किसान मोर्चा के विभिन्न दायित्वों में रहे। कालेटी गांव में तीन बार ग्राम प्रधान चुने गए, इस बार भूपाल की बहू इंजीनियर मनीषा कार्की को निर्विरोध प्रधान चुना गया है। निधन पर राजकीय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष मनमोहन मेहता,पूर्व प्रधान चंचल सिंह,विनय रावत,भुप्पी कार्की,खडक सिंह रावत,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुंदन बथ्याल, धीरज बिष्ट, होशियार सिंह,प्रदीप महरा, हरीश चुफाल, हरीश कोंरगा,सोनू सत्याल, ज्ञान सिंह, लक्ष्मण सिंह, गिरधर सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने निधन पर शोक जताया।

### भारत विकास परिषद का अधिष्ठापन व तीज महोत्सव समारोह सम्पन्न

हरिद्वार। भारत विकास परिषद भेल ज्वालापुर शाखा की ओर से एक होटल में अधिष्ठापन समारोह तथा तीज महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप वेदालंकार ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण हेतु ब्रह्मचर्य, कठिन परिश्रम व संस्कारित जीवन अपनाने का आह्वान किया। डॉ मनु शिवपुरी ने वंदे मातरम गीत गाया। बालिका वैष्णवी झा ने शास्त्रीय नृत्य से सबका मन मोह लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशुतोष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मनीषा सिंघल, प्रो. सत्येंद्र मित्तल, डॉ. बीपी गुप्ता ने परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। तीज महोत्सव में तीज युगल, तीज क्वीन, मेहंदी, युगल तथा एकल नृत्य प्रतियोगिताए कराई गई। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष नरेश जैनर तथा डॉ मनु शिवपुरी ने किया।

### डीडीहाट में कारगिल दिवस धूमधाम से मनाया

पिथौरागढ़। डीडीहाट नगर के रामलीला मैदान में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड डीडीहाट ने कारगिल दिवस धूमधाम से मनाया। शनिवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड डीडीहाट के पूर्व सैनिकों ने कारगिल में शहीद जवानों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली दी। इस दौरान डीडीहाट जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल भूपेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) ने कारगिल युद्ध के जांजाबों की वीरता के बारे में आमजन को बताया। एनसीसी कैडेट के स्कूल छात्रों व डाइट के प्रशिक्षुओं ने मार्चपास्ट करते हुए देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। यहां एसडीएम खुशबू पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष गिरीश चुफाल, 12 जैक राइफल्स, आईटीबीपी व एसएसबी के अधिकारी, जवान आदि मौजूद रहे।

### छात्रों ने भारतीय संगीत की बारीकिया सीखी

ऋषिकेश। निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी में शनिवार को आयोजित संगीत समारोह में भारतीय शास्त्रीय सितार वादक और गायिका मालविका चोपड़ा ने संगीत की प्रस्तुतियां दी। उन्होंने छात्रों को भारतीय संगीत की बारीकियों से भी अवगत कराया। खैरीकलां स्थित निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी में गुरु नानक निर्मल संगीत अकादमी एवं गुरबानी शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में संत बाबा निक्का सिंह 'विरक्त' की स्मृति में संगीत समारोह आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ निर्मल आश्रम प्रमुख महंत राम सिंह महाराज व व्यवस्थापक संत बाबा जोध सिंह महाराज, अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहण प्रशिक्षक अंकित नैथानी ने किया। अंकित नैथानी ने छात्रों को संगीत और पर्वतारोहण जैसे क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय सितार वादक, गायिका एवं संगीत रचनाकार मालविका चोपड़ा ने अपनी मधुर प्रस्तुति से सभी श्रोताओं को भावविभोर किया। उन्होंने छात्रों को संगीत की बारीकियां भी बताई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहण प्रशिक्षक अंकित नैथानी और सितार वादक व गायिका मालविका चोपड़ा को सम्मानित किया गया। मंच संचालन स्कूल कप्तान बलिहार सिंह और अनुष्का उनियाल द्वारा किया गया। मौके पर एनजीए प्रधानाचार्या डॉ सुनीता शर्मा, एनजीए हेडमिस्ट्रेस अमृतपाल डंग, निर्मल आश्रम एजुकेशन डायरेक्टर सरदार गुरविंदर सिंह, निर्मल आई इंस्टीट्यूट के मैनेजर अजय शर्मा, गंगाराम आडवाणी, परीक्षा नियंत्रण प्रभारी सरबजीत कौर, संगीत शिक्षक दीपमाला कोठियाल, सरदार गुरजिंदर सिंह जोहेल, प्रदीप कुमार, महिमा कालिया, योगिता राजपूत, दिनेश शर्मा, सरदार गुरजिंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया कारगिल विजय दिवस



जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन : आर्मी पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर देशभक्ति और सैन्य जागरूकता से ओत-प्रोत विशेष कार्यक्रम पस्तुत किये गये। कार्यक्रम में नायब सूबेदार विपुल सिंह द्वारा प्रस्तुत ऑडियो-विजुअल सत्र, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व को प्रभावशाली ढंग से समझाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में देश भक्ति, कविता पाठ, भाषण तथा कक्षा नवीं के विद्यार्थियों द्वारा कैप्टन विक्रम बत्रा की वीरगाथा पर सुंदर नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया। तत्पश्चात जीआरआरसी द्वारा विद्यार्थियों के लिए सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने राइफल, मशीन गन, ग्रेनेड लांचर जैसे विविध सैन्य हथियारों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और उनके उपयोग व विशेषताओं के बारे में जाना। भारतीय सेना के अधिकारियों ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रत्येक सैन्य उपकरण की जानकारी दी, जिससे छात्र-छात्राओं को सेना की तकनीकी क्षमताओं और उसके समर्पण का आभास हुआ। मंच संचालन शिक्षिका विप्रा तोमर ने किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य संदीप चौहान, चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने वीएसएम, कमांडेंट जीआरआरसी एवं ट्रेनिंग बटालियन सेंटर का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

## आंदोलनकारियों को मिले दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण

रुद्रपुर। राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार से 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, चिह्नीकरण और पेंशन वृद्धि पर जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

शनिवार को जारी बयान में राज्य आंदोलनकारी भगवान जोशी ने इस बात पर दुख जताया कि निरंकुश अफसरशाही के कारण 25 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक आरक्षण का मामला न्यायालय में लंबित है। चिह्नीकरण से वंचित वास्तविक राज्य आंदोलनकारी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

पेंशन के नाम पर सरकार राज्य आंदोलनकारियों को टोकन मनी दे रही है, जो आज के दौर में नाकाफी है। उन्होंने रविन्द्र जुगरान के उस बयान की निंदा की है कि जिसमें वह नौकरी कर रहे लोगों को पेंशन और उनके बच्चों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत कर रहे हैं।

# सैनिकों और उनके परिवारों की हितैषी राज्य सरकार : धामी

**-पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं को कराई जा रही नि:शुल्क बदरीनाथ धाम की यात्रा**

**-अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण की तैयारी**

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बीते चार वर्षों में प्रदेश सरकार ने सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के सम्मान और कल्याण के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। अमर बलिदानियों की स्मृति में देहरादून में भव्य शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण कार्य अंतिम चरण है। इस सैन्य धाम में प्रदेश भर की 28 नदियों का जल और शहीद सैनिकों के घरों से लाई गई मिट्टी को समाहित किया गया है।

राज्य सरकार ने शहीदों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को दस लाख से बढ़ाकर 50 लाख कर दिया है। वीरता पुरस्कारों से अलंकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिक धनराशि को भी बढ़ाया गया है। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि अब पचास लाख से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ रुपए कर दी गई है। पूर्व सैनिक वीरांगनाओं और पुत्री को ड्रोन दीदी के रूप में ड्रोन संचालन का रोजगारपरक प्रशिक्षण देने का फैसला किया गया है। सरकार के द्वारा 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पूर्व सैनिकों, सैनिक वीरांगनाओं और वीर नारियों को बद्रीनाथ धाम की नि:शुल्क यात्रा की सुविधा भी प्रदान की गई है।

राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा में लिए जाने की व्यवस्था की गई है। अब तक शहीदों के 37 आश्रितों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। इस योजना के तहत सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को भी दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। अग्निवीरों को पुलिस, परिवहन, वन और अन्य विभागों की भर्तियों में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने की धामी सरकार तैयारी कर रही है। इस संबंध में प्रस्ताव कैबिनेट की मंजूरी के लिए लाया जाएगा।

अग्निपथ योजना के तहत चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को इसका लाभ मिलेगा। वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों को उत्तराखंड रोडवेज की बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा के साथ ही सेवारत और पूर्व सैनिकों को 25 लाख तक के मूल्य की स्थायी संपत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। पुत्री विवाह अनुदान जैसी अनेक योजनाएं संचालित कर राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश भर में शहीद स्मारकों का निर्माण किया जा रहा है। स्कूल और सड़कों का शहीदों के नाम पर नामकरण किया गया है। खटीमा में सैनिक मिलन केंद्र एवं सीएसडी कैंटीन का निर्माण और टनकपुर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य सैनिक विश्राम गृह का निर्माण किया जा रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



## छात्रों को शहीदों से प्रेरणा लेने हेतु किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना, सैन्य विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने छात्रों को कारगिल शहीदों के शौर्य, बलिदान और त्याग को अपने जीवन में आदर्श बनाकर प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया। कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, साहस और संकल्प का प्रतीक है। विषम परिस्थितियों में भारतीय सैनिकों ने अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। बच्चों से राष्ट्रहित और समाजहित में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। सैन्य विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. विक्रम रौतेला ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# जिले में धूमधाम से मनाया कारगिल विजय दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला मुख्यालय पौड़ी में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर यहां एजेंसी चौक स्थित शहीद स्मारक पर पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी, पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी, डीएम स्वाति एस भदौरिया व एसएसपी लोकेश्वर सिंह सहित अन्य अफसरों व पूर्व सैनिकों ने पुष्प चक्र अपिर्त कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां दी।

विजय दिवस पर सुबह मुख्यालय में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडिड्स ने एजेंसी चौक से कलेक्ट्रेट तक प्रभात फेरी निकाली। फेरी को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद प्रेक्षागृह में शहीद के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि 1999 में मई से जुलाई में जम्मू कश्मीर के कारगिल में पाकिस्तानी सेना के घुसपैठियों को भारतीय सेना ने विकट भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद अदम्य साहस का परिचय देते हुए मार भगाया। कहा कि हमारी सेना की एक रणनीति काम आई और ऑपरेशन विजय सफल रहा। पौड़ी की डीएम स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि कारगिल युद्ध में उत्तराखंड के 75 वीर सैनिकों ने अपने प्राण न्योछावर किए, इसमें पौड़ी जिले के 17 वीर सपूत शामिल हैं। कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है। शहीदों ने हमारे भविष्य के लिए अपना वर्तमान बलिदान किया। कारगिल विजय दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि शौर्य, बलिदान और देश भक्ति की अमर गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण अधिकारी करन सिंह रावत ने बताया कि 1999 में पाकिस्तान ने कारगिल पर हमला कर दिया था, इस दौरान देश के कई सैनिकों ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। देश शहीदों के इस बलिदान को हमेशा याद करता रहेगा। कारगिल का यह युद्ध करीब 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई को समाप्त हुआ। युद्ध में हमारी सेना ने जीत हासिल की। तभी से हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, एडीएम अनिल सिंह गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, सीओ त्रिवेंद्र सिंह राणा, डीईओ माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, ईओ नगर पालिका शांति प्रसाद जोशी, सहायक अधिकारी सैनिक कल्याण सत्यपाल सिंह रावत सहित अन्य अफसर आदि भी मौजूद रहे।

### शहीदों के परिजनों व पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

कारगिल विजय दिवस पर अतिथियों ने शहीद नायक मंगत सिंह के पुत्र नीरज भंडारी और वीर चक्र राइफल मैन कुलदीप सिंह के भाई विजय रावत को सम्मानित किया। वहीं कारगिल युद्ध में शामिल सेवानिवृत्त ऑनरी कैप्टन दिनेश पटवाल, गोविन्द सिंह बिष्ट, सूबेदार प्रेम सिंह, मनमोहन सिंह रावत, नायब सूबेदार वकुल रावत, हवलदार मोहन सिंह, मनबर सिंह, भुवन चन्द्र बड़थ्वाल, नायक गिरीश चन्द्र कठैत को भी सम्मानित किया गया।

# वन विभाग नंदा देवी राजजात यात्रा मार्ग के निर्जन क्षेत्रों के लिए एसओपी तैयार करें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : आगामी वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वाड़ के आगे निर्जन क्षेत्रों की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देते हुए यात्रा मार्ग की संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) सर्वेश दुबे को निर्देशित किया कि निर्जन पड़ाव जैसे होमकुंड, रूपकुंड आदि में आवश्यक सुविधाओं के लिए विस्तृत एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार करें। उन्होंने कहा कि निर्जन पड़ावों पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संभावित पहलुओं पर पहले से तैयारी की जाए। उन्होंने डीएफओ बद्रीनाथ को इन क्षेत्रों के लिए आवश्यक संसाधनों का एस्टीमेट तैयार कर उपलब्ध कराने के साथ ही उप-जिलाधिकारियों से समन्वय करते हुए यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले पड़ावों के लिए उप राजस्व निरीक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, आरडब्ल्यूडी, जिला पंचायत के कनिष्ठ अभियंता और मंदिर समिति के सदस्यों की एक संयुक्त टीम बनाएं। यह टीम स्थल का भौतिक निरीक्षण कर पेयजल, पार्किंग स्थल, स्वास्थ्य सुविधाएं, शौचालय, कूड़ा प्रबंधन, पैदल मार्ग आदि सभी बिंदुओं को प्रस्ताव में शामिल कर शीघ्र आवश्यक व्यवस्थाओं का आकलन कर प्रस्ताव उपलब्ध कराए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी रमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, आरडब्ल्यूडी अधिकारी अल्लादिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विजय दिवस पर वीरनारियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। खटीमा में पूर्व सैनिक संगठन ने शनिवार को 26वां कारगिल विजय दिवस मनाया। इसमें सर्वप्रथम कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान नोजगे पब्लिक स्कूल, सिटी कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

वीरनारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, विशिष्ट अतिथि कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी, उप निरीक्षक पंकज मेहर ने किया।

अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष कप्तान गंभीर सिंह धामी ने वीरनारियों को सम्मानित किया और संगठन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया।

# उत्तरकाशी में कारगिल दिवस पर शहीद की पत्नी का हुआ सम्मान

उत्तरकाशी। जनपद मुख्यालय में शनिवार को कारगिल विजय दिवस पर राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वीर वाले सैनिकों की शहादत को याद किया गया। ज्ञानसू स्थित शौर्य स्थल में आयोजित मुख्य समारोह में गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, दर्जाधारी राज्य मंत्री प्रताप सिंह पंवार, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य आदि ने कारगिल शहीद दिनेश चंद्र कुमांई के चित्र पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज. राइफल्स, आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस तथा एनसीसी की टुकड़ियों ने शहीदों के सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। समारोह में कारगिल राईफलमैन शहीद दिनेश चंद्र कुमांई की धर्मपत्नी वीरनारी अनीता देवी को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों के पराक्रम और बलिदान के कारण हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित बनी हुई हैं। देश व उत्तराखंड की गौरवशाली सैन्य परंपरा का उल्लेख करते हुए श्री चौहान ने कहा कि करगिल के ऑपरेशन में इस क्षेत्र के सैनिकों ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। राज्य दर्जाधारी मंत्री प्रताप सिंह पंवार ने कहा कि देश हमेशा इन जांबाज योद्धाओं का ऋणी रहेगा जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।

# चमोली में द्वितीय चरण के मतदान के लिए 194 पोलिंग पार्टियां हुई रवाना



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में द्वितीय चरण के मतदान के लिए 28 जुलाई को जनपद के 411 मतदेय केंद्रों पर मतदान किया जाएगा। जिसके लिए शनिवार को जनपद के पांच विकासखंड मुख्यालयों से 194 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। जबकि शेष 237 पोलिंग पार्टियां रविवार को ब्लॉक मुख्यालयों से रवाना की जाएंगी।

चमोली जनपद में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के तहत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए द्वितीय चरण में दशोली, नंदानगर, गैरसैंण, कर्णप्रयाग और पोखरी विकासखंड के 411 मतदेय केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जिसके लिए प्रशासन की ओर से 431 पोलिंग पार्टियों का चयन किया गया है। जिनमें से शनिवार को 194 पोलिंग पार्टियां मतदेय केंद्रों के लिए रवान हो गई है। बता दें कि द्वितीय चरण में 17 जिला पंचायत सदस्य, 125 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 383 ग्राम प्रधान पदों के लिए मतदान प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

## हॉस्टल में रह रहे छात्रों के साथ किया पौधरोपण

रुद्रपुर। श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास और जीजीआईसी परिसर में शनिवार को फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। छात्रावास के विद्यार्थियों और स्टाफ ने लगभग 50 पौधे लगाए। इनको देखभाल की जिम्मेदारी भी दी गई। छात्रावास अधीक्षक राकेश कुमार सुमन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा बच्चों को प्रारंभिक जीवन से ही देनी चाहिए। पर्यावरणविद् सोप्रीत सिंह बॉबी भाटिया ने कहा कि समाज के हर वर्ग को पर्यावरण को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। यहां अशोक गौतम, राजेश मित्तल, गुरविंदर सिंह सोनू, बलजीत सिंह, छात्रावास स्टाफ बृजेश तिवारी, सौरभ गहतोड़ी, हेमलता, सुरजीत, कृष्णनाथ मौजूद रहे।

# यूसीसी में प्रतिदिन औसत 1634 विवाह पंजीकरण

### समान नागरिक संहिता के तहत विवाह पंजीकरण ने पकड़ा जोर

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : इसी वर्ष 27 जनवरी से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद, विवाह का पंजीकरण अनिवार्य हो गया है। तब से यूसीसी एक्ट के तहत प्रतिदिन औसत 1634 शादियों का पंजीकरण हो रहा है। जबकि, इससे पहले 2010 के एक्ट में होने वाले विवाह पंजीकरण का प्रतिदिन औसत मात्र 67 ही था।

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने से पहले, उत्तराखंड विवाह पंजीकरण अधिनियम-2010, के तहत शादियों का पंजीकरण होता था। लेकिन तब बहुत कम लोग विवाह पंजीकरण कराते थे, 2010 से लागू इस एक्ट के तहत, 26 जनवरी 2025 तक कुल 3,30,064 विवाह पंजीकरण हुए, इस तरह पुराने एक्ट के अनुसार प्रतिदिन औसत विवाह पंजीकरण की संख्या 67 तक ही पहुंच पाई थी। लेकिन अब 27 जनवरी 2025 से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद, विवाह पंजीकरण में जबरदस्त उछाल आया है। ठोस कानून और आसान प्रक्रिया के चलते लोग अब विवाह पंजीकरण के लिए खूब उत्साह दिखा रहे हैं। स्थिति यह है कि 27 जनवरी 2025 से अब तक यूसीसी के तहत होने वाले विवाह पंजीकरण की संख्या 3,01,526 पहुंच गई है। इस तरह यूसीसी के बाद होने वाले प्रतिदिन विवाह पंजीकरण का औसत 1634 बैठ रहा है। जो पिछले कानून के मुकाबले कई गुना अधिक है।

इधर, सरकार ने यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण कराने की वर्तमान समय सीमा, छह माह से बढ़ाकर एक साल कर दी है। इस संबंध में विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे उन लोगों को सुविधा रहेगी जो किसी कारण से अब तक यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण नहीं करा पाए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता के तहत होने वाले पंजीकरण की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ रही है। इससे कानून की व्यापकता और सार्थकता का पता चलता है। समान नागरिक संहिता के तहत होने वाला प्रत्येक पंजीकरण, एक मजबूत समाज की दिशा में ठोस कदम है। इससे महिलाओं के हित खासकर सुरक्षित हो रहे हैं।

# चमोली में हर्षोल्लास से मनाया गया कारगिल विजय दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : चमोली जनपद में 26वां कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन और सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग की ओर से गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर वीर नारियों व शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न विकासखंड मुख्यालयों पर भी कारगिल शहीदों की स्मृति में पौधरोपण व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज गोपेश्वर, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई।



जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस के जवानों और एनसीसी कैडेट्स ने शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसके बाद यहां कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कारगिल शहीद कृपाल सिंह की धर्मपत्नी विमला देवी व जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों और शहीदों के परिजनों ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी की ओर से वीरनारी शांति राणा, कुसुम लता, शकुंतला देवी, कमला देवी, पार्वती देवी, जयंती देवी, कमला देवी, सरिता देवी और सुलोचना देवी सहित चमोली जनपद के सभी 11 वीर शहीदों के परिजनों को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल दिवस की पूर्व संध्या पर खेल विभाग की ओर से आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि किसी भी जंग में जहां सैनिक सीमा पर देश की रक्षा करते हुए चुनौतियों का समाना करता है। वहीं सैनिकों के परिवार भी इस दौरान चुनौतियों का समाना करते हैं। साथ सैनिक के देश पर न्यौछावर होने पर उन परिवारों को भी संघर्ष करना होता है। उन्होंने सभी शहीदों और उनके परिवारों को नमन करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शहीदों और सैन्य परिवारों से जुड़े लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटारा कर उनका सम्मान करने की बात कही।

# एलयूसीसी के निवेशकों और एजेंटों का कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी के निवेशकों और एजेंटों का कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। शनिवार को भाजपा पदाधिकारी धरने पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले में सरकार ने सीबीआई जांच की अनुमति प्रदान कर दी है, जिसको लेकर प्रदर्शनकारियों ने सरकार का आभार जताया। शनिवार को आईडीपीएल में 80वें दिन भी एलयूसीसी के निवेशकों का प्रदर्शन जारी रहा। निवेश करने के दौरान उन्हें बताया गया कि यह सोसायटी भारत सरकार कृषि मंत्रालय द्वारा पंजीकृत है जो कि वर्तमान में सहकारिता मंत्रालय में पंजीकृत है। प्रदेश के करीब 2 लाख निवेशकों ने आरडी, एफडी, एमआईपी के माध्यम से करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश किया।कुछ समय पहले सोसायटी ने बिना सूचना के सोसायटी का पोर्टल बंद कर दिया।

25 हजार महिलाएं, पुरुष व बुजुर्ग सोसायटी के सुविधा केंद्रों में संचालक व एजेंट का काम कर रहे थे। अब निवेशक अपना पैसा लोटाने को लेकर उन पर दबाव बना रहे हैं जबकि इसमें सोसायटी के सुविधा केंद्रों के संचालक व एजेंट का कोई दोष नहीं है। सारा घोटाला सोसायटी के प्रबंधकीय मंडल व उच्चाधिकारियों ने किया है। उन्होंने निवेशकों के पैसे पाबंदी अधिनियम के तहत दिलवाने की मांग की।इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा, मेयर शंभू पासवान, भाजपा वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौके पर पहुंचे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com